प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप प्रसाद से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आज आयेगा अदालत का फैसला, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर फैसला सुरक्षित।
- झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2025 को मंजूरी देने के राज्य सरकार के फैसले पर सियासत तेज, भाजपा ने कहा– राज्यपाल की शक्तियां कमजोर करने का प्रयास, झामुमो ने किया पलटवार।
- झारखंड समेत देशभर में आज मनाया जा रहा है कारगिल विजय दिवस, वीर जवानों के अदम्य साहस और बलिदान को किया जा रहा है याद।
- रांची समेत राज्य के कई जिलों में भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, वज्रपात से चार की मौत, आज सात जिलों में अति भारी बारिश का औरेंज अलर्ट।
- रांची में प्रथम राज्य स्तरीय लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता शुरु, पहले दिन हुए 20 से अधिक मुकाबले।

****************

जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप प्रसाद से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आज सीबीआई कोर्ट का फैसला आयेगा। 21 साल पुराने धोखाधड़ी और षडयंत्र कर 28 लाख से ज्यादा रुपये की राजस्व क्षति पहुंचाने के इस मामले में अंतिम बहस पूरी हो चुकी है। मामले में दिलीप प्रसाद के अलावा सुरेन्द्र कुमार जैन और सुधीर जैन आरोपी हैं।

****************

इधर, जमीन घोटाला के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई पूरी हो गयी। ईडी और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

****************

झारखंड शराब घोटाला मामले के आरोपी राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे की याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय में कल सुनवाई हुई। इस दौरान न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी) को काउंटर एफिडेविट दायर करने का निर्देश दिया। अब इस मामले में सुनवाई के लिए अदालत ने एक अगस्त की तारीख निर्धारित की है।

****************

झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक 2025 को मंजूरी देने के राज्य सरकार के फैसले पर सियासत तेज हो गयी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इसे असंवैधानिक, दुर्भावनापूर्ण और लोकतंत्र की मूल भावना पर सीधा प्रहार बताया है। उन्होंने कहा कि यह राज्यपाल की शक्तियों को कमजोर करने का प्रयास है।

इधर, कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा के आरोपों को नकारते हुए कहा कि इस विधेयक का उदेश्य शिक्षा व्यवस्था को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाना है।

गौरतलब है कि इस विधेयक के विधानसभा में पारित होने के बाद कुलपति, प्रतिकुलपति और वित्तीय सलाहकार की नियुक्ति का अधिकार राज्य सरकार के अधीन रहेगा।

****************

केंद्र सरकार की अटल पेंशन योजना के अंशधारकों की संख्या आठ करोड़ को पार कर गई है। दस साल पहले शुरु हुई यह योजना भारत सरकार की अग्रणी सामाजिक सुरक्षा योजना है। यह देश के सभी नागरिकों के लिए एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना है जो मुख्य रूप से गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित है।

****************

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में रांची में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा की कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस दौरान अध्यक्ष ने झारखंड से सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रतिनिधिमंडल के संबंध चर्चा की। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का आगामी सम्मेलन पांच से बारह अक्तूबर तक बारबाडोस में आयोजित होगा।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****************

झारखंड समेत देशभर में आज  कारगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ हुए करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। इस लड़ाई में झारखंड के कई सैनिकों ने भी अपनी सेवा दी और रांची के नागेश्वर महतो ने भी अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

****************

श्रावण मास में देवघर के साथ ही दुमका के बासुकीनाथ धाम में भी बड़ी संख्या में कांवरियों के आने का सिलसिला जारी है।

****************

रांची समेत राज्य के कई जिलों में रुक रुक कर लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इस दौरान वज्रपात की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गयी। मौसम विभाग ने आज रांची के अलावा खूंटी, गुमला, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला—खरसावां के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शामिल हैं। इन जिलों के अलावा गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, देवघर, दुमका और जामताड़ा में मध्यम से भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****************

रांची में प्रथम राज्य स्तरीय लिटिल चौंप फुटबॉल प्रतियोगिता शुरु हो गयी है। पहले दिन ग्रुप स्तर के 20 से अधिक मुकाबले खेले गये। विजेता टीम आज प्री–क्वार्टर फाइनल मैच खेलेंगी। प्रतियोगिता का उदघाटन राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार कई स्तरों पर प्रयास कर रही है।

****************

अखबारों की सुर्खियां–

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम जारी होने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।
- दैनिक जागरण लिखता है– आदिम जनजाति से सफल होने वाली पहली युवती बनी बबीता।
- दैनिक भास्कर ने लिखा है– शिक्षक नियुक्ति मामले में हाईकोर्ट में 252 याचिकाएं, 31 जुलाई तक रोज अलग–अलग सुनवाई।
- हिन्दुस्तान के शब्द हैं– रांची के व्यवसायी से लूट में दो धरे गये, 34 लाख बरामद।
- प्रभात खबर लिखता है– कोडरमा के भखरा गांव के हर घर में एक बेटा सेना में।

****************